दैनिक जागरण 15/12/2024

जीएमएन कालेज में छात्रवृत्ति के लिए 50 विद्यार्थियों ने दिया साक्षात्कार

जीएमएन कालेज में छात्रवृत्ति के लिए साक्षात्कार देते हुए। • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए एक साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन छात्रवृत्ति समिति द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता कार्यक्रम समन्वयक डा. पिंकी गुप्ता ने की। साक्षात्कार प्रक्रिया में छात्रों के आवेदन प्रपत्रों के आधार पर निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित किया गया। प्राचार्य ने कालेज छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम समन्वयक ने छात्रवृत्ति चयन के मानदंडों पर प्रकाश डाला। यह छात्रवृत्तियां शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेलों में प्रतिस्पर्धात्मक उपलब्धियों और आर्थिक आवश्यकता के आधार पर प्रदान की गईं। यह बहुआयामी दृष्टिकोण छात्रों को उनके कौशल को पहचानने और उनकी शिक्षा को समर्थन देने के लिए प्रेरित करता है। इस साक्षात्कार कार्यक्रम में लगभग 50 छात्रों का साक्षात्कार लिया। इस आयोजन में छात्रवृत्ति समिति के सदस्यों डा. एसएस नैन, डा. भारती विज एवं प्रो श्याम रहेजा का विशेष योगदान रहा।

इसी तरह कालेज में वाणिज्य विभाग द्वारा निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को निवेश रणनीतियों और वित्तीय योजना की जानकारी देकर उनकी वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना रहा।